हमें वृन्दावन बुलालो | Prity Sharma & Pakhi Sharma

हमें वृन्दावन बुलालो सुनले ओ राधा प्यारी
सुनले ओ राधे प्यारी सुनले ओ राधा प्यारी
हमें श्याम रस पिला दो सुनले ओ राधा प्यारी
हमें वृन्दावन बुलालो सुनले ओ श्याम प्यारी
सुनले ओ राधे प्यारी हरी दास की दुलारी
हमें वृन्दावन बुला लो ....

तेरे नाम की ये महिमा जग में गूँज रही है
तेरा दरश पाने को दुनिया तरस रही है
इन आँखों से निहारे मोहिनी सूरत तुम्हारी
हमें वृन्दावन बुला लो ....

हम जिसके पीछे घूमे वो घूमे तेरे पीछे
हम है दीवाने जिसके वो हैं दीवाने तेरे
हमें श्याम से मिला दो सुनले ओ ब्रिज किशोरी
हमें वृन्दावन बुला लो ....

तेरे दर पे जब मैं आऊं सुध बुद्ध ये खो मैं जाऊं
देख बरसाना तेरा तुझमे ही रम मैं जाऊं
हमें चरणों से लगा लो वृषभानु की दुलारी
हमें वृन्दावन बुला लो ....

ब्रिज की गली गली में श्री राधे राधे गूंजे
इस धरा के कण कण में रस प्रेम का ये बरसे
आशीष को बुला लो सुनले ओ राधा प्यारी
हमें वृन्दावन बुला लो ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b5%e0%a5%83%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%8b-prity-sharma-pakhi-sharma/